छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय, पर्यावास भवन, सेक्टर-19 नार्थ ब्लॉक, नया रायपुर

www.cghb.gov.in

!! संपदा प्रबंधन !!

आदेश

क्रमांक.....125...../2017 दिनांक 22/05/2017

विषयः- ग्राम – ढौर, तहसील व जिला – दुर्ग में अटल विहार योजना हेतु 19.75 एकड़ भूमि आबंटन करने हेतु भूमि का प्रीमियम राशि रू. 8,60,310.00 का भुगतान बाबत्।

--- 000 ---

राज्य प्रवर्तित अटल विहार योजना के अंतर्गत भवनों के निर्माण हेतु संयुक्त कलेक्टर दुर्ग के आदेश कमांक 6644/प्रा.कले./2016 दुर्ग, दिनांक 22.04.2016 द्वारा ग्राम ढौर, पटवारी हलका नंबर 17 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तहसील व जिला-दुर्ग में स्थित शासकीय घास मद की भूमि खसरा नंबर 1211 रकबा 7.90 हेक्टर (19.75 एकड़) (8,60,310 वर्गफीट) को शासन के निर्देशानुसार रू.1.00 (अक्षरी एक रूपये) प्रति वर्गफुट की दर से प्रश्नाधीन भूमि क्षेत्रफल 8,60,310.00 वर्गफुट का मूल्य 8,60,310 रूपये (अक्षरी आठ लाख साठ हजार तीन सौ दस रूपये मात्र) निर्धारित कर, कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग-दुर्ग को **"अटल विहार आवास योजना"** कियान्वयन हेतु विविध शर्तो पर आबंटित किया गया है। मण्डल मुख्यालय के पत्र कमांक 751 दिनांक 27.03.2017 द्वारा मण्डल सम्मिलन के अनुमोदन की प्रत्याशा में प्रीमियम राशि रू. 8,60,310/- का भुगतान शासन को करने हेतु अनुमति प्रदान की गई है।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के 53वॉ मण्डल सम्मिलन दिनांक 04.05.2017 के एजेण्डा कमांक 14 पर पारित संकल्प कमांक 1520/14/53/2017 में उपरोक्त पत्र कमांक 751 दिनांक 27.03.2017 द्वारा कि गई कार्यावाही की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करते हुए अन्य सभी प्रकार के आवश्यक निर्णय एवं कार्यवाही हेतु आयुक्त को अधिकृत किया गया।

आदेशानुसार

मुख्य संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
मुख्यालय, पर्यावास भवन, नया रायपुर

पृ.क्र. 1403 /आ.आ./स.प्र.शा./मुख्या/फा.नं.-04/08/17 नया रायपुर, दिनांक22/05/2017

प्रतिलिपिः-

1. स्टॉफ ऑफिसर माननीय अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय नया रायपुर।
2. निज सचिव आयुक्त, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय नया रायपुर।
3. मण्डल सचिवालय, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय नया रायपुर।

क्रमशः-02